कार्रवाई

वन विभाग के गश्ती दल ने रेत से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की जप्त

# अब वन परिक्षेत्र से अवैध रेत खनन, परिवहन करने वालों की खैर नही

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,30 अप्रैल,** खनिज माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के जिला कलेक्टर के निर्देशो के परिपालन में आज सुबह वन विभाग के गश्ती दल द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहीं ट्रेक्टर ट्रॉली को जप्त कर कार्यवाही की गई,इस कार्यवाही के चलते अब वन परिक्षेत्र से भी खनिज का अवैध कारोबार करने वाले अन्य खनिज माफियाओं में हड़कंप व्याप्त हैं ।



**कलेक्टर द्वारा खनिज माफियाओं पर लगाया हैं 80 लाख से अधिक का जुर्माना**

गौरतलब हो कि जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा अवैध रूप से खनिज का कारोबार करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। खनिज विभाग द्वारा बीते दिनों अवैध रूप से जिले की जीवनदायिनी नदियों से अत्याधुनिक मशीनों से रेत निकालने वाली पोखलेन एवं जेसीबी मशीन के साथ ही बड़े बड़े ट्रकों में रेत परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ जांच प्रतिवेदन जिला कलेक्टर कार्यालय भेजा था, जिस पर कलेक्टर द्वारा 80 लाख से अधिक का जुर्माना भी लगाया हैं ।

**अब वन क्षत्र के माफियाओं पर होंगी कार्यवाही**

अब इसी तरह वन परिक्षेत्र में अवैध रूप से रेत निकालने एवं इसका परिवहन करने वालों के खिलाफ वन विभाग द्वारा अभियान शुरू किया हैं ।

विभागीय सूत्रों की माने तो वन परिक्षेत्र अधिकारी अंबाडा द्वारा आज दिनांक 30/04/26 अल सुबह 4.45 ड्डुद्व बजे गश्ती के दौरान नारायण-धनोरा मार्ग पर नाकाबंदी कर ट्रेक्टर को जांच हेतु रोका गया जिसमें नदी से निकाली गयी रेत भरी थी । वाहन चालक सुभाष पिता भाऊराव धुर्वे निवासी घोघरी से परिवहन संबंधित दस्तावेज की मांग करने पर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर अवैध रूप से वनोपज रेत का संग्रहण करने तथा अवैध परिवहन करने पर मौका स्थलपर स्वराज ट्रेक्टर ट्राली मय अवैध वनोपज रेत के साथ पंचनामा एवं जप्ती की कार्यवाही उपरांत सुरक्षित वन विभाग केम्पस लाकर पूछताछ करने पर ट्रेक्टर देवाजी उईके निवासी घोघरी का होना बताया तथा भा व अधि एवं मप्र वनोपज परिवहन नियम के तहत प्रकरण क्र. 1741/10 दिनांक 30/04/26 दर्ज कर अग्रिम शासकीय कार्यवाही जारी है।

जप्ती कार्यवाही में रमेश गोतम वनपाल, प्रीतम सनोडिया वनपाल, रमेश कुमार ईवनाती कार्य. वनपाल, राजेन्द्र कुसरे वनरक्षक, अंकित सिंह वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिक का सक्रिय सहयोग रहा ।

## बीते रात फिर रानी दुर्गावती वार्ड में 6 संदिग्ध युवकों घूमते सीसी कैमरे में हुए कैद

### इन युवकों को तलाश में जूटी पुलिस,लोगों को संतर्कता बरतने की अपील



**नवभारत न्यूज, पांढुरना,30अपैल,** नगर के रानी दुर्गावती वार्ड के गजानन मंदिर क्षेत्र में बीते रात्रि 6 संदिग्ध लोग चोरी की नियत से घूमते सीसी कैमरे में कैद हो गए,यह तो गनीमत रही कि इन चारों पर कुछ लोगों की नजर पड़ते ही इन्होंने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी,हालांकि पुलिस के आने से पहले ही यह चोर यहां से भागने में सफल हो गए,लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते ही नगर में कहीं भी चोरी की घटना घटित नहीं हो सकी।

गौरतलब हो कि नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले प्रमुख नागपुर भोपाल मार्ग पर रानी दुर्गावती,शंकर नगर ,साईं कॉलोनी जैसे रिहायशी क्षेत्रों में चोरों का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है,बीते रात्रि में 6 संदिग्ध युवकों को नगर के इसी रानी दुर्गावती वार्ड के गजानन मंदिर क्षेत्र में चोरी की नियत से घूमते हुए सीसी कैमरे में देखा,सूचना पर आनन-फानन में पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी,लेकिन इसके पहले ही यह चोर यहां से भागने में सफल हो गए,इसी दौरान गायत्री कॉलोनी में भी कुछ युवकों की देर रात घूमते दिखाई जाने की बात कहीं जा रहीं है,वहीं इन घटनाओं को देख पुलिस पूरी रात मुस्तैदी से गश्त करती रहीं,जिसके चलते नगर में कहीं भी चोरी की घटना नहीं हुई। पुलिस द्वारा लोगों को सतर्कता बरतते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देंने पर बिना किसी संकोच के तुरंत इसकी सूना को पुलिस को देंने की अपील की है।

वहीं बीते रात्रि संदिग्ध अवस्था में घूमते सीसी कैमरे में कैद हुए इन युवकों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश में जूट गई,शीघ्र ही इन सभी के पकड़े जाने की बात भी कहीं जा रहीं है।

## नारी शक्ति के सम्मान में लोधीखेड़ा मंडल में महिला मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 30 अप्रेल.** लोधीखेड़ा मंडल में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू न किए जाने तथा कांग्रेस के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल लोधीखेड़ा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने काली साड़ी पहनकर कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया तथा नगर में रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद की।नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व देने वाला ऐतिहासिक कानून है, जिसके अंतर्गत लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे , लोधीखेड़ा मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री श्रीमती उषा भमोरे , कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती संतोषी हेड़ाऊ , जिला मंत्री श्रीमती अरुणा डोंगरे , महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना काठोड़े , नगर परिषद पार्षद श्रीमती पूजा बांगडे जी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। साथ ही मंडल महामंत्री दिनेश रायकवार , नगर अध्यक्ष होमदेव बंजारकर , वरिष्ठ कार्यकर्ता नंदकुमार राय , मोहन लिखारे मुरलीधर खोड़नकर, डॉ. अनूप जैन , माधव ठाकरे , राजू गायकवाड़ उदय पत्ते धनंजय सिते एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में नगर के 27 लोगों के खाते में जमा हुई 58 लाख की राशि



**नवभारत न्यूज, पांढुरना,30अप्रैल,** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत प्रदेश के 27167 हितग्राहियों के बैंक खातों में 600 करोड़ की राशि अंतरण कि गई,जिसमें पांढुरना नगर के 27 हितग्राहियों का भी समावेश है,इनके भी बैंक खातों में गुरूवार को मुख्यमंत्री के हस्ते वन क्लिक के माध्यम से 58 लाख रूपयों की राशि जमा हुई है। प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी जन कल्याण संबल योजना के तहत गुरूवार को प्रदेश के 27167 हितग्राहियों के बैंक खाते में 600 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री डां.मोहन यादव के हस्ते वन क्लिक के माध्यम से जमा कराई गई है,इस योजना के तहत पांढुरना नगर के विभिन्न वार्डों के 27 हितग्राही भी लांभावित हुए है,इनके बैंक खातें में 58 लाख रूपयों की राशि जमा हुई है। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पांढुरना नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में देखा गया,इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,सभापति उमेश उरकुड़े,महेंद्र घोड़े,लोचन खवसे,प्रदीप कामदार नपा के योजना शाखा के लिपीक कैलाश बावनकर इस योजना के तहत चयनित लगभग सभी हितग्राही भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बीएमओ शुक्ला हटाए गए, सिविल अस्पताल की हड़ताल खत्म,डॉ . रूपेश बोकड़े ने लिया चार्ज

**नवभारत न्यूज**
**सौसर 30 अप्रैल** – सिविल अस्पताल में पिछले कुछ समय से चल रहा गतिरोध आखिरकार गुरुवार को समाप्त हो गया। सीएमएचओ डॉ. नरेश गोन्नाडे द्वारा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर योगेश शुक्ला को पद से हटाने के आदेश जारी करने के बाद, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। शासन द्वारा जारी नए आदेशों के तहत अब सीनियर डॉक्टर रूपेश बोकड़े को बीएमओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



**कर्मचारियों के संघर्ष की जीत**

बीएमओ को हटाने की मांग को लेकर अड़े कर्मचारी नेताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया है। कर्मचारी नेता प्रफुल्ल ठाकरे और राजू खंडाइत ने इसे कर्मचारियों की एकता और संघर्ष की जीत बताया। आदेश जारी होने के तुरंत बाद सभी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ अपने काम पर लौट आए।

**मौके पर ही सुलझाए अन्य मुद्दे**

हड़ताल खत्म कराने पहुंचे सीएमएचओ डॉ. गोन्नाडे ने केवल प्रशासनिक फेरबदल ही नहीं किया, बल्कि अस्पताल की अन्य समस्याओं पर भी संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ताओं का जितना भी लंबित भुगतान है, उसके आदेश तत्काल जारी किए जाएं।

**मरीजों को मिली बड़ी राहत**

गुरुवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी थी। हड़ताल के कारण सुबह के समय स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं, जिससे दूर-दराज से आए ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, दोपहर में हड़ताल खत्म होते ही ओपीडी सेवाएं सुचारू रूप से शुरू कर दी गईं। इलाज मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1 .5 लाख तक नि :शुल्क उपचार योजना पर प्रशिक्षण आयोजित

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 30 अप्रैल,** नगर जिला मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस विभाग (यातायात) द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।



प्रशिक्षण के दौरान केंद्र शासन की पीएम राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को ?1.5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया गया कि योजना का लाभ तभी प्रभावी रूप से मिल सकता है, जब दुर्घटना के तुरंत बाद त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय, सूचना का आदान-प्रदान एवं तत्काल प्रतिक्रिया अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे दुर्घटना की स्थिति में बिना विलंब आवश्यक कदम उठा सकें। प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रत्येक संबंधित अधिकारी अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाते हुए घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने में सहयोग करें।कार्यक्रम मे अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, डी आर एम सुधीर ठाकरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, एसडीओपी श्री भार्गव, एसडीएम श्रीमती अलका एक्का सहित स्वास्थ्य विभाग के ऑपरेटर्स एवं जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रशिक्षण का मुख्य फोकस गोल्डन आवर के महत्व पर रहा, जिसके अंतर्गत दुर्घटना के बाद प्रारंभिक एक घंटे के भीतर उपचार मिलने से घायल व्यक्ति की जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग तत्काल समन्वय स्थापित कर घायल को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराएं, ताकि योजना के तहत अधिकतम लाभ सुनिश्चित हो सके।

यह पहल सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के साथ-साथ जन-जीवन की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है, जिससे आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर उपचार की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

## कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में मत्स्य पालन को बढ़ावा

**पांढुर्णा।** जिले में मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में सहायक संचालक मत्स्य उद्योग छिंदवाड़ा /पांढुर्णा प्रभारी अधिकारी संजय अंबुलकर द्वारा विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अंबुलकर एवं मत्स्य निरीक्षक अधिकारी अनामिका सिंह ने उपस्थित हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित पीएमएमकेएसएसवाई योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में निर्मित तालाबों, सरोवरों एवं जलाशयों को मत्स्य पालन से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही बायोफ्लॉक, आर.ए.एस. (रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम) एवं केज कल्चर जैसी नवीन और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से रोजगार सृजन एवं मूल्य श्रृंखला में सुधार की संभावनाओं को समझाया गया। अधिकारियों ने हितग्राहियों को डिजिटल एकीकरण के तहत Nfdp.dof.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी, जिससे योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त किया जा सके।

# स्कूल आने जाने सायकल मिलने से खुशी से झूम उठे छात्र

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,30 अप्रैल,** ग्राम खैरीपैका के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल में आज साइकिल वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई, ताकि उनकी शिक्षा में आने वाली दूरी और परिवहन संबंधी कठिनाइयों को कम किया जा सके।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें सरपंच हीरालाल पराडकर , अनुसूचित जाति मोर्चा पांढुर्णा के जिला अध्यक्ष पंकज गजभिये, पंच मुकेश डोबले , पंढरी डोबले एवं प्राचार्य पुरुषोत्तम आखरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पालकों के साथ-साथ समस्त शालेय स्टाफ ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना की।



साइकिल वितरण कार्यक्रम से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक होगी, बल्कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए भी प्रेरित करेगी। विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों ने इस योजना को छात्र हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

590 छात्रों ने स्कूल में प्रवेश के लिए जमा किए है फार्म

# संदीपनी स्कूल में कक्षा 9 वी एवं 11 वी में चयनित छात्रों की सूची शनिवार को होंगी जारी

**नवभारत न्यूज, पांढुरना,30अपैल,** सांदीपनि के कक्षा 9 वी के लिए 316 तो वहीं कक्षा 11 वी में प्रवेश के लिए इच्छुक 274 छात्रों ने विधिवत फार्म जमा किए है, जिनकी स्कूलों के शिक्षकों द्वारा स्कूटनी की जा रहीं है,इसमें से मेरिट सूची के आधार पर चयनित छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा,ऐसे चयनित छात्रों की सूची संभवत-स्कूल द्वारा शनिवार को जारी की जाएंगी।

**कलेक्टर के प्रयासों से छात्रों को मिलेगा लाभ**

गौरतलब हो की नगर जिला मुख्यालय की एकमात्र शासकीय संदीपनी स्कूल में पढ़ाई के लिए इच्छुक छात्रों द्वारा प्रवेश के लिए स्कूल प्रबंधक से निवेदन किया गया था,लेकिन स्कूल में सीट नहीं होने की बात कहते हुए किसी भी अन्य शासकीय या निजी स्कूलों के छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है,इस बात से आहत छात्रों द्वारा जिला कलेक्टर से गुहार लगाने पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा शिक्षा विभाग तथा संदीपनी स्कूल के शिक्षकों की बैठक लेकर व्यवस्था बनाने के दिए गए निर्देशों के बाद अंतत्संदीपनी स्कूल द्वारा कक्षा 9 वे पांच तथा कक्षा 11 वी में विभिन्न विषयों के संकाय में 50-50 छात्रों को मेरिट सूची पर प्रवेश देंने की व्यवस्था बनाई गई।




**सूची को बेसब्री से इंतजार कर रहे छात्र**

जिला कलेक्टर श्री वशिष्ठ के निर्देश पर 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक इच्छुक छात्रों से फार्म जमा कराए गए है,विभागीय सूत्रों की माने तो इन लगभग सभी फार्मों की स्कूटनी हो चूकी है,जिनमें से मेरिट सूची के आधार पर छात्रों का चयन भी किया जा चुका है, आज कल में ही सांदीपनी स्कूल द्वारा कक्षा 9 वी तथा कक्षा 11 वी के लिए चयनित छात्रों की सूची स्कूल में चस्पा की जाएंगी,फार्म जमा करने वाले सभी छात्रों तथा पालकों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

# सरकार का बेटियों के शिक्षा के सफर को आसान बनाने का कदम : मोहोड

### सांदीपनि उमा विद्यालय में सम्पन्न हुआ सायकल वितरण कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 30 अप्रेल.** सांदीपनि शासकीय कन्या उमा विद्यालय लोधीखेडा में निशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अवसर पर मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि, साइकिल वितरण योजना केवल एक सरकारी पहल नही बल्कि हमारी बेटियों के शिक्षा के सफर को असान बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जब बेटियां शिक्षित होगी, तभी हमारा समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। श्री मोहोड ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्रों मे कई छात्राओं को दूरी और साधनों की कमी के कारण पढाई में बाधाओं का सामना करना पडता है, ऐसे में यह योजना उनके लिये नई उम्मीद लेकर आई है।



अब छात्रायें बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय आ सकेगी और अपने सपनों को साकार कर सकेगी। अवसर पर भाजपा नेता संतोष जैन, नंदु राय, मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, दिनेश रायकवार, नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना जायसवाल, पूर्व नगराध्यक्ष लीलाधर बांगडे, नप उपाध्यक्ष नंदु राय, नप सभापति होमदेव वंजारकर, विनायक बल्कि सहित षालेय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के चेहरों पर उत्साह एवं खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में बडी संख्या में छात्रायें, अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।